Series : ABCD4/3

SET – 1

प्रश्न–पत्र कोड **29/3/1**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र कोड को उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।
- प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न–पत्र कोड को छात्र उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **9** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । *

हिन्दी (ऐच्छिक)
HINDI (Elective)

निर्धारित समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 40*

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :

(i) इस प्रश्न–पत्र में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं ।

(ii) इस प्रश्न–पत्र में कुल 9 प्रश्न पूछे गए हैं तथा यह 2 खंडों (क और ख) में विभाजित है ।

(iii) प्रश्नों में आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।

खंड – क

(कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन) **(20)**

1. निम्नलिखित दिए गए तीन शीर्षकों में से किसी **एक** शीर्षक पर लगभग **150** शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए : **1 × 5 = 5**
   (क) महानगरीय जीवन की समस्याएँ
   (ख) गाँव की गरीबी
   (ग) तकनीकी विकास

2. (a) आप श्यामा/श्याम नामक जागरूक नागरिक हैं । आपके मुहल्ले में एक अपराधी प्रवृत्ति का परिवार आकर रहने लगा है । उसकी वजह से मुहल्ले में रोज कोई-न-कोई समस्या होती रहती है । इसकी शिकायत और समाधान हेतु लगभग 120 शब्दों में पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखिए । **5**

   अथवा

   (b) आप रामशरण प्रसाद हैं । आप सब्जी की खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं । गाँव के दबंगों ने आपके खेत पर कब्जा कर लिया है । इसकी शिकायत करते हुए समाधान के लिए जिला समाहर्त्ता को लगभग 120 शब्दों में आवेदन-पत्र लिखिए । **5**

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग **50** शब्दों में लिखिए : **5**
   (क) (a) कथानक कहानी का एक प्रारंभिक नक्शा कैसे होता है ? समझाकर लिखिए । **3 × 1 = 3**

   अथवा

   (b) नाटक को एक जीवंत माध्यम क्यों कहा गया है ? कारण सहित स्पष्ट कीजिए । **3 × 1 = 3**

   (ख) (a) नाटक में संवाद का क्या महत्त्व है ? इसमें अधिक से अधिक सांकेतिक भाषा का प्रयोग क्यों करना चाहिए ? **2**

   अथवा

   (b) प्राचीन काल में मौखिक कहानियों की लोकप्रियता क्यों थी ? अपने शब्दों में लिखिए । **2**

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग **50** शब्दों में लिखिए : **5**
   (क) (a) एक खेल पत्रकार अपनी जानकारियों को किस प्रकार दिलचस्प बनाकर पेश कर सकता है ? **3**

   अथवा

   (b) विशेष लेखन की भाषा शैली सामान्य लेखन से किस प्रकार भिन्न होती है और क्यों ? **3**

   (ख) (a) पत्रकार कितने प्रकार के होते हैं और फ्रीलांसर पत्रकार किसे कहते हैं ? **2**

   अथवा

   (b) 'संपादक के नाम पत्र' के लिए सभी अखबारों में स्थायी स्तंभ क्यों होता है ? **2**

खंड – ख

(पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक) **(20)**

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए : **(2 × 3 = 6)**
   (क) निम्नलिखित पंक्तियों में निहित काव्य-सौन्दर्य लिखिए :

   माधब, सुन-सुन बचन हमारा ।
   तुअ गुन सुंदरि अति भेल दूबरि –
   गुनि-गुनि प्रेम तोहारा ।।
   धरनी धरि धनि कत बेरि बइसइ,
   पुनि तहि उठइ न पारा ।।

(ख) निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए :

यहउ कहत मोहि आजु न सोभा ।
अपनी समुझि साधु सुचि को भा ।।

(ग) जायसी की नागमती तथा विद्यापति की नायिका के विरह में समानता का भाव है, कैसे ? अपने शब्दों में लिखिए ।

6. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लगभग **30-40** शब्दों में लिखिए : **(2 × 1 = 2)**

(क) 'भरत-राम का प्रेम' कविता में भरत ने राम वन गमन के लिए किसे दोषी ठहराया है और क्यों ?

(ख) "प्रेम में तृप्ति नहीं होती" – विद्यापति की कविता के आधार पर उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए : **(3 × 2 = 6)**

(क) 'साझा' लघुकथा के आधार पर बताइए कि साझा खेती में धोखा खाने के बाद भी किसान हाथी के साथ खेती करने के लिए क्यों तैयार हो गया ? और इसका क्या परिणाम निकला ?

(ख) भारत की सांस्कृतिक विरासत किस प्रकार यूरोप से भिन्न दिखाई देती है ? 'जहाँ कोई वापसी नहीं' पाठ के संदर्भ में लिखिए ।

(ग) संभव को दिल्ली की भीड़ से हर की पौड़ी की भीड़ में किस तरह का अंतर दिखाई पड़ता है ? 'दूसरा देवदास' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

8. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लगभग **30-40** शब्दों में लिखिए : **(2 × 1 = 2)**

(क) 'दूसरा देवदास' पाठ के अनुसार गंगा आरती के समय आरती के दोने का भाव अधिक क्यों हो जाता था ?

(ख) 'पहचान' लघुकथा में राजा के आदेश को अनिवार्य मानकर काम करने का परिणाम क्या हुआ ?

9. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **30-40** शब्दों में लिखिए : **(2 × 2 = 4)**

(क) 'बिस्कोहर की माटी' पाठ में बिसनाथ अपनी माँ की तुलना बतख से ही क्यों करते हैं ? किसी और से क्यों नहीं ? कारण स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'अपना मालवा-खाऊ-उजाड़ू सभ्यता में' पाठ में आए "खूब मनाओ दसेरा-दिवाली । अबकी मालवो खूब पाक्यो हे ।" कथन का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(ग) "पग-पग नीर वाला मालवा सूखा हो गया ।" कथन के आलोक में मालवा के सूखा होने के कारणों का उल्लेख कीजिए ।

*